**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (24.05.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE:24.05.2025, PAGE-08**

# टीआरई-4 के लिए जल्द जारी होगा बीएड रिजल्ट

**मुजफ्फरपुर।** बिहार लोक सेवा आयोग से होनेवाली शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया टीआरई 4 के लिए बीआरएबीयू बीएड का रिजल्ट जल्द जारी करने की प्रक्रिया कर रहा है। पिछले दिनों बीएड सत्र 2023-25 के छात्रों ने जल्द रिजल्ट देने के लिए आवेदन दिया था। छात्रों का कहना था कि जुलाई में टीआरई 4 की प्रक्रिया शुरू होनेवाली है, इसलिए रिजल्ट जल्द जारी किया जाये।

परीक्षा विभाग की तरफ से जारी कैलेंडर में जुलाई में बीएड सत्र 2023-25 के रिजल्ट जारी होने की तारीख दी गई है, लेकिन परीक्षा का रिजल्ट जून के अंत तक जारी कर दिया जाये। परीक्षा विभाग के अनुसार बीएड द्वितीय वर्ष में लगभग छह हजार परीक्षार्थियों का रिजल्ट जारी किया जाना है। इसके लिए अतिरिक्त शिक्षकों को लगाया जायेगा। दो वर्षीय बीएड के अलावा चार वर्षीय बीएड की परीक्षा का रिजल्ट भी जून में ही जारी करने पर काम किया जा रहा है। चार वर्षीय बीएड के सातवें सेमेस्टर की परीक्षा खत्म हो गई है। परीक्षा कैलेंडर में इसके रिजल्ट जारी करने की तारीख 15 जून रखी गई है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE:24.05.2025, PAGE-08

## हॉस्टल खाली कराने के विरोध में विवि पहुंचीं छात्राएं

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में गर्मी की छुट्टी में हॉस्टल खाली कराने के विरोध में कई छात्राएं शुक्रवार को डीएसडब्ल्यू से मिलीं। छात्राओं ने कहा कि उनकी अभी परीक्षाएं होनी हैं, इसलिए उन्हें अभी हॉस्टल में रहने दिया जाये। डीएसडब्ल्यू ने कहा कि हॉस्टल की मरम्मत होनी है, इसलिए हॉस्टल को खाली करना जरूरी है। जिन छात्राओं की परीक्षा होनी है वह आदेश लेकर रह सकती हैं।

## आज विवि आएगी विधानमंडल की शिक्षा समिति

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में शनिवार को आनेवाली विधानमंडल की शिक्षा समिति को लेकर शुक्रवार को दिनभर तैयारी होती रही। शिक्षा समिति विवि में यूएमआईएस से लेकर परीक्षा और कॉपी की खरीद की जांच करने आ रही है। टीम का नेतृत्व डॉ. रामवचन राय करेंगे। टीम में कई एमएलसी भी रहेंगे। समिति विवि में शिक्षकों के प्रमोशन के बारे में भी कुलपति से जानकारी लेगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN MUZAFFARPUR DATE:24.05.2025 PAGE-06

# विश्वविद्यालय और शिक्षा विभाग की होगी बैठक

जासं, मुजफ्फरपुर: विन की शिक्षा समिति की नौ सदस्यीय टीम शनिवार को शहर पहुंचेगी। सर्किट हाउस में समिति के सदस्य पहले सत्र में विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ फिर दूसरे सत्र में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।